भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 772
गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य

772 डा. सिकंदर कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न नौकरियों की कुल संख्या सहित हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में वर्तमान रोजगार परिदृश्य के तुलनात्मक विश्लेषण का ब्यौरा क्या है और उपरोक्त अवधि में यह किस प्रकार विकसित हुआ है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन क्षेत्र के योगदान की तुलनात्मक स्थिति क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इसमें क्या रुझान या बदलाव देखे गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों की राज्य-वार संख्या तैयार नहीं की जाती है । हालांकि वित्त वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान भारत में पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों की कुल संख्या नीचे दी गई है:

क्र. सं.	वित्त वर्ष	नौकरियों की संख्या (मिलियन में)
1.	2019-20	69.44
2.	2020-21	68.07
3.	2021-22	70.04

(ख) और (ग): हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन का हिस्सा निम्नानुसार है:

जीएसडीपी	2021-22	2022-23	2023-24
व्यापार, होटल और रेस्तरां (योगदान % में)	7.04	6.86	6.99

*****